हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 30 सितंबर 2025

11 नियमित जांच करवाने व पत्तेदार सब्जियां ...



12 राजस्व विभाग की ऑनलाइन प्रणाली से लोगों को होगा लाभ



## खबर संक्षेप

### कृषि यंत्र खरीदने का आज अंतिम दिन

**चरखी दादरी।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि यंत्र खरीदने की तिथि अब 30 सितंबर तक कर दी है और खरीदे गए कृषि यंत्रों के बिल 5 अक्टूबर तक पोर्टल पर अपलोड कर सकते है। यह जानकारी कृषि उप निदेशक चरखी दादरी जितेंद्र कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि किसानों को पहले 25 सितंबर तक अपने कृषि यंत्र खरीद करने थे परंतु अब सरकार द्वारा इसकी तिथि बढ़ाकर 30 सितंबर तक कर दी गई है ।



### रैली निकालकर किया नशा छोड़ने का आह्वान

**चरखी दादरी।** झोझूकलां महिला महाविद्यालय में स्वच्छता पखवाड़े के तहत एनएसएस यूनिट ने नशीले पदार्थों के लत छोड़ने के लिए की शपथ दिलाई। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष मांगेराम, प्राचार्या व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मंजू सांगवान व कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शर्मिला की अध्यक्षता में साइकिल रैली का आयोजन किया। स्वयंसेविकाओं ने नशे की लत छोड़ने व नशे के कुप्रभावों से गांव वालों को जागरूक किया।

### छात्राओं ने स्वच्छता और नशा मुक्ति पर शपथ ली

**बाढड़ा।** राजकीय महिला कॉलेज बाढ़ड़ा में कार्यकारी प्राचार्य डॉ.सुबेसिंह की अध्यक्षता में तथा एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर मीना व डॉ मुकेश कुमार के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान और सेवा पखवाड़ा के तहत स्वच्छता व नशा मुक्ति पर शपथ ली गई तथा रैली का भी आयोजन किया गया। स्वंयसेविकाओं ने अपने आस-पास साफ-सफाई रखने, पॉलिथीन व प्लास्टिक से बनी हुई वस्तुओं का इस्तेमाल न करने तथा समाज के लोगों को स्वच्छता तथा नशे के प्रति जागरूक करने की शपथ ली।

### फोन व चैन छीनने के मामले में दो गिरफ्तार

**भिवानी।** पुलिस की सीआईए स्टाफ प्रथम भिवानी की टीम ने मोटरसाइकिल चालक से मोबाइल फोन व सोने की चैन छीनने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हिमांशु निवासी सोनीपत में थाना औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को एक शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि 28 मार्च को कालुवास से कच्चे रास्ते पर बुस्टिंग स्टेशन के पास कुछ लड़कों ने उनका मोबाइल फोन व सोने की चेन छीन ली थी। इसी मामले में पुलिस को दो आरोपियों को संजरवास से गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान बजरंग पुत्र सतबीर निवासी बोंद खुर्द व अनिल पुत्र सूरजपाल निवासी संजरवास के रूप में हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

## सरकार की उदासीनता के चलते किसानों को उठाना पड़ रहा है भारी आर्थिक नुकसान : सुरेश कौथ

# किसानों ने मार्केट कमेटी के गेट पर ताला जड़कर किया प्रदर्शन

**अगली फसल की बुवाई के लिए है पैसों की सख्त जरूरत**

- किसानों का आरोप है कि उन्हें अपनी मेहनत की फसल औने-पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा





भिवानी। अनाजमंडी में लगे बाजरे के ढेर और मार्केट कमेटी के कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे भारतीय किसान यूनियन चंढ़ूनी के सदस्य।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

किसान नेता सुरेश कौथ के नेतृत्व एवं भारतीय किसान यूनियन चंढ़ूनी के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य की अध्यक्षता में सोमवार को किसानों का गुस्सा भिवानी में फूट पड़ा, जब उन्होंने बाजरे की सरकारी खरीद शुरू ना होने के विरोध में मार्केट कमेटी के गेट पर ताला जड़ दिया और धरना प्रदर्शन किया।

किसानों का आरोप है कि सरकार की उदासीनता के कारण उन्हें अपनी मेहनत की फसल औने-पौने दामों पर निजी व्यापारियों को बेचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। इसके उपरांत किसान मार्केट कमेटी गेट से उठकर अनाज मंडी को ताला जड़ने चले तथा किसानों के गुस्से को देखते हुए अनाज मंडी अधिकारी व वेयरहाऊस डीएम पहुंचे तथा किसानों को आश्वासन दिया कि बाजरा खरीद को लेकर आ रही समस्याओं के समाधान व खरीद में छूट को लेकर उच्च अधिकारियों को अवगत करवाया तथा इसका समाधान जल्द कर दिया जाएगा। इस मौके पर किसान नेता सुरेश कौथ ने कहा कि अगली फसल की बुवाई का समय आ गया है और किसानों को इसके लिए पैसों की सख्त जरूरत है। बाजरे की फसल तैयार होकर मंडी में आ चुकी है, लेकिन सरकारी खरीद अब तक शुरू नहीं हुई है। इस स्थिति ने किसानों के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा कर दिया है।

उन्होंने कहा कि किसान अपनी उपज को मंडी में लेकर आ रहे हैं, लेकिन सरकारी खरीद न होने के कारण उन्हें मजबूरन निजी व्यापारियों को कम कीमत पर बेचना पड़ रहा है।

**सरकार किसान हितों की कर रही अनदेखी**

इस मौके पर भाकियु चंढ़ूनी के जिला अध्यक्ष राकेश आर्य ने भाजपा सरकार पर किसानों को प्रताड़ित करने का सीधा आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों की अनदेखी कर रही है। एक तरफ सरकार न्यूनतम समर्थन मूल्य की बात करती है, लेकिन दूसरी तरफ जब किसानों को इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है तो सरकारी खरीद शुरू नहीं होती। किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि सोमवार शाम तक उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो मंगलार सुबह 9 बजे किसान नेता सुरेश कौथ के नेतृत्व में मार्केट कमेटी गेट पर जारी धरनास्थल पर किसानों की पंचायत होगी तथा आगामी संघर्ष की रूपरेखा तैयार होगी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर धर्मपाल सिंहमार बडाला, जोगेंद्र मय्यड़, होशियार सिंह जताई, करतार गिल, प्रमोद यादव, राजकुमार हड़ौदी, रामपाल नंबरदार, राजेन्द्र चौहान, सुंदर यादव, पवन शर्मा, वीरभान गिल, आशा, इंदू, अंजू, कमला सहित अनेक किसान उपस्थित रहे।



तोशाम। खरीद पोर्टल शुरू करवाने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा। फोटो : हरिभूमि

## ई-खरीद पोर्टल शुरू करवाने के लिए एसडीएम से मिला किसान संगठन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तोशाम

किसान संगठन ने तोशाम क्षेत्र में की जा रही क्रॉप कटिंग में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। किसान संगठन ने बताया कि पिछले सप्ताह से तोशाम क्षेत्र के देवावास, हसान, साहलेवाला, मिरान आदि अनेक गांव में किसानों की तरफ से बीमा कंपनी द्वारा की जा रही क्रोप कटिंग प्रयोग में भारी अनियमितताओं की शिकायत आ रही हैं। उनका कहना था कि रिलायंस बीमा कंपनी के अधिकारी द्वारा किसान कि फसलों के उत्पादन के तोल व भूमि पैमाईश दोनों में गड़बड़ी की जा रही है। किसानों को सीसीई की कॉपी भी उपलब्ध नहीं करवाई जा रही है।

इसको लेकर अखिल भारतीय किसान सभा ने सोमवार को एसडीएम को ज्ञापन देते हुए कहा कि हरियाणा सरकार के आदेश अनुसार बाजरे एवं मूंग की खरीद 22 सितंबर 2025 से शुरू हो चुकी है लेकिन मंडी में आज तक एक दाना तक नहीं खरीदा गया है और नाही ई-खरीद पोर्टल पर मेरी फसल मेरा ब्यौरा वेरीफाई हुआ है। किसान मजबूरी बस ओने-पौने दामों पर फसल बेचने पर मजबूर है। किसान नेता कमल प्रधान व जगरोशन मास्टर ने कहा की सरसों की बिजाई का समय आ गया है लेकिन डीएपी की बहुत किल्लत है।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर मास्टर शेर सिंह, रणधीर सांगवान, अनिल शेषमा, मुकेश शर्मा, अशोक मलिक, मुकेश साहलेवाला, सचिव नरेंद्र कुमार, पवन बिडौला, बलवान सिहाग, नरेंद्र सिहाग, युद्धवीर सिंह आदि उपस्थित रहे।

## आढ़तियों और किसान प्रतिनिधियों ने सरकार की टरकाऊ नीति की निंदा की



भिवानी। मंडी में बाजरे की सरकारी खरीद न होने का विरोध जताते हुए।

- आढ़ती एसो. ने किसानों से आगे बाजरा नहीं डलवाने का लिया निर्णय
- नई अनाज मंडी में एक लाख 75 हजार कट्टे बाजरा पड़ाहै

**भिवानी।** नई अनाज मंडी जनसेवा सदन में मंडी के आढ़तियों व किसान प्रतिनिधियों की संयुक्त सोमवार को आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता नई अनाज मंडी आढ़ती एसोसिएशन के प्रधान नरेश बंसल उर्फ भुरू ने की। किसान सभा की तरफ से जिला उपप्रधान कामरेड ओमप्रकाश ने बैठक में विशेष रूप से भाग लिया।

संयुक्त बैठक में सर्वसम्मति से राज्य सरकार की सरकारी एजेंसियों द्वारा 23 सितंबर से घोषणा के अनुसार बाजरा नहीं खरीदने व सरकार की टरकाऊ नीति की निंदा की गई तथा जिला प्रशासन व सरकार से मांग की गई है कि तुरंत सरकारी एजेंसियों द्वारा घोषणा अनुरूप बाजरा खरीद शुरू की जाए। क्योंकि नई अनाज मंडी में इस समय एक लाख 75 हजार कट्टे बाजरा पड़ा हुआ है तथा शुक्रवार को 80-90 किंवटल बाजरे की खरीद की गई थी, उसका उठान भी नहीं हुआ है। इसलिए अब मंडी में किसानों द्वारा बाजरा डालने की जगह ही नहीं बची है। इसलिए आढ़ती एसोसिएशन ने किसानों से आगे बाजरा नहीं डलवाने का निर्णय लिया है। उधर किसान सभा ने घोषणा की कि सरकार की बाजरा नहीं खरीदने व खरीदे हुए बाजरे का उठान नहीं करने की नीति के विरोध में 30 सितंबर मंगलवार को नई अनाज मंडी में किसानों का भारी प्रदर्शन होगा। अभी तक सरकार व प्रशासन ने विभिन्न गांव में जलभराव की निकासी भी नहीं की है।

इस अवसर पर रघु यादव, राकेश बोहरा, गीतानन्द खुराना, अशोक बलियाली, नरेंद्र बंसल, सतीश सातरोडिया, अनिल धारेडू, गंगाराम कितलानिया, बबलू ठाकुर, रिंकू धोना, बीरू यादव, सोमबीर यादव, योगेंद्र बोहरा, करतार बोहरा, दीपक कितलानिया शामिल रहे।

## नपा चेयरमैन ने बन रहे आरसीसी रोड की ली सुध

- आरसीसी रोड के दोनों ओर बनाए गए साइड शोल्डर में कुछ असुविधाएं सामने आई



बवानीखेड़ा। रोड निर्माण में कमियों को दुरूस्त करवाने बारे संबंधित अधिकारियों से मिलते हुए नपा चेयरमैन सुंदर अत्री।

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बवानीखेड़ा

बवानी खेड़ा नगर पालिका के चेयरमैन सुंदर अत्रि गावड़ कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के प्रोजेक्ट डायरेक्टर जिन्होंने हांसी-भिवानी रोड कार्य को करवाने का जिम्मा लिया हुआ है व संबंधित को पत्र लिखकर अवगत कराया कि तहसील कार्यालय से अग्निशमन कार्यालय तक बने आरसीसी रोड के दोनों ओर बनाए गए साइड शोल्डर में कुछ असुविधाएं सामने आई हैं।

उन्होंने आग्रह किया कि इन साइड शोल्डरों की मजबूती के लिए मिट्टी भराव और उचित लॉकिंग की व्यवस्था की जाए। इसी विषय में कृष्णा शर्मा, श्री सुंदर अत्रि, गावड़ कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के मेंटिनेंस इंजीनियर सरदार सिंह तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान नपा चेयरमैन ने बताया कि रोड की ऊंचाई बढ़ने से तहसील कार्यालय, पुलिस स्टेशन, गौशाला रोड, स्टेशन रोड, हुडा सेक्टर, बस स्टैंड, बिजली घर, बड़सी वाली गोहर, जमालपुर वाला रास्ता आदि स्थानों पर आमजन को परेशानी हो रही है।

प्रोजेक्ट डायरेक्टर कृष्णा शर्मा ने आश्वासन दिया कि साइड शोल्डरों के साथ मिट्टी की सपोर्टिंग करवाई जाएगी और जिन रास्तों की ऊंचाई रोड के कारण कम हो गई है, वहां मिट्टी भरकर रैंप बनवाए जाएंगे ताकि आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

## सीएम उड़न दस्ते ने किया औचक निरीक्षण

- जमीन रजिस्ट्री का कामकाज देख रहे लिपिक से लंबित कार्य की रिपोर्ट मांगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बाढड़ा



बाढड़ा। राजस्व कार्यालय में रिकार्ड की जांच करते मुख्यमंत्री उडऩदस्ता व जिले की गुप्तचर शाखा अधिकारी।

कस्बे के तहसील कार्यालय में रोहतक से पहुंचे मुख्यमंत्री उडऩदस्ते व जिले की गुप्तचर शाखा की संयुक्त टीम ने पहुंच कर औचक निरीक्षण किया तो अफरातफरी मच गई। इस दौरान सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के उपस्थिति रजिस्टर की जांच की तथा रिक्त पदों को लेकर रिपोर्ट तैयार की गई। उडऩदस्ता निरीक्षण के दौरान टीम ने जमीन रजिस्ट्री का कामकाज देख रहे लिपिक से लंबित कार्य की रिपोर्ट मांगी तथा तहसील कार्यालय में अधिकारियों, कर्मचारियों की हाजिरी ली गई। इसमें सभी कर्मचारी हाजिर मिले। तहसील का कार्यभार जिला राजस्व अधिकारी राजकुमार भोरिया को तहसीलदार बाढडा का चार्ज दिया गया है। इसके अलावा इसके पास भिवानी का जिला राजस्व अधिकारी का चार्ज भी है। तहसील कार्यालय बाढड़ा का रिकार्ड निरीक्षण करने पर पाया गया कि उपमंडल क्षेत्र की जन संवाद पोर्टल पर कोई भी शिकायत लंबित नहीं है।



### डॉ. धन सिंह बने परिवहन सहकारी समिति के प्रदेशाध्यक्ष

**तोशाम।** सहकारी परिवहन समिति एवं निजी बस संचालकों के राज्य प्रधान चुनाव सम्मेलन का आयोजन सोमवार सेक्टर-5 कम्युनिटी सेंटर, रोहतक में किया गया। कार्यक्रम में स्टेज कैरिज प्राइवेट बस वेलफेयर एसो. के प्रधान सुनील श्योराण भी मौजूद रहे। उन्होंने अपने कार्यकाल की अवधि पूरी होने पर पद से त्यागपत्र प्रस्तुत किया। सभी जिलों से पधारे जिला प्रधानों एवं बस संचालकों ने नए राज्य प्रधान के रूप में डॉ. धन सिंह ईशरवाल का नाम सर्वसम्मति से प्रस्तावित किया और उन्हें राज्य प्रधान निर्वाचित किया गया।

## कुलपति व अन्य बाहरी कर्मियों से मकान खाली करवाने की मांग

- उत्तरपुस्तिका प्रिंट करवाने का काम गोपनीय सैल की बजाय पूर्व की भांति ही करवाया जाए : सोमबीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी



भिवानी। शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन की द्वार सभा के दौरान विरोध जताते कर्मचारी।

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड कर्मचारी संगठन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की अलग-अलग मांगों को लेकर सोमवार को द्वार सभा हुई, जिसकी अध्यक्षता प्रधान सत्यवीर स्वामी ने की व मंच संचालन महासचिव सोमवीर पूनिया ने किया। इस दौरान प्रधान सत्यवीर स्वामी ने चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर को पूर्व में आबंटित कोठी को खाली करने को लेकर अपनाए गए अड़ियल रवैये का विरोध किया। उन्होंने सरकार से मांग की कि शिक्षा बोर्ड के सचिव की कोठी को अविलंब खाली करवाए जाए तथा बाहर के अन्य कर्मचारियों व अधिकारियों को बोर्ड परिसर में जो मकान आबंटित हैं, उनको भी तत्काल प्रभाव से खाली करवाया जाए। पूनिया ने बोर्ड प्रशासन से मांग की कि उत्तर पुस्तिका मुद्रण का कार्य प्रकाशन शाखा से गोपनीय अनुभाग को हस्तांतरित किया गया है, उसे तुरंत प्रभाव से वापस लेते हुए पूर्व की भांति करवाया जाए।

**सरकार के फैसले की निंदा :** मॉडल संस्कृति व पीएमश्री जैसी अलग-अलग कुठाराघाती योजनाओं के नाम पर हरियाणा बोर्ड से सम्बद्धता प्राप्त अधिक छात्र संख्या वाले राजकीय विद्यालयों को सीबीएसई बोर्ड से जोड़ने के सरकार के फैसले की निंदा की व कच्चे कर्मचारियों की हरियाणा सरकार द्वारा लागू की सेवा सुरक्षा की गारंटी को बोर्ड कार्यालय में यथावत शीघ्र लागू करने की मांग की।

## जाटू लोहारी में 2200 व जमालपुर में 15 सौ एकड़ में जमा बारिश का पानी

# जमालपुर के ग्रामीणों ने निकासी के लिए सौंपा ज्ञापन

- जमालपुर के सरंपच भूप सिंह ने बताया कि खेतों में जाने वाले रास्ते पानी में डूबे हैं

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

जिले में बारिश को थमे करीब 28 दिन का अरसा बीत गया। अधिकांश रिहायशी कॉलोनियों का तो पानी निकल गया, लेकिन अभी भी खेतों में बारिश का पानी जमा है।

यह स्थिति बवानीखेड़ा हलके में सबसे ज्यादा गांव के खेतों की है। जाटू लोहारी के करीब 22 सौ एकड़ भूमि में बारिश का पानी जमा है। बारिश के पानी में फसल डूबी हुई है। वहीं खेतों में जमा पानी की निकासी की मांग को लेकर गांव जमालपुर के किसान उपायुक्त कार्यालय पहुंचे और उनके गांव के करीब 15 सौ एकड़ भूमि में जमा बारिश के पानी की निकासी की मांग की। इस पर उपायुक्त ने तत्काल सिंचाई विभाग के अधिकारियों को पानी की निकासी करवाए जाने के निर्देश दिए। सरपंच भूप सिंह ने बताया कि उनके गांव में बारिश के बाद से ही पानी जमा है। करीब 15 सौ एकड़ में फसलें पानी में डूबी हुई है। फसलें भी पूरी तरह से खतम हो चुकी है। हालात ये बने है कि वे ज्यादा पानी होने की वजह से अपने खेतों में नहीं जा पा रहे है। खेतों को जाने वाले सभी रास्ते पानी में डूबे है। अगर अभी भी पानी की निकासी नहीं हुई तो रबी फसल की भी बिजाई नहीं हो पाएगी। क्योंकि अभी खेतों में दो से ढाई फुट तक बारिश का पानी जमा है। पहले ही खरीफ फसल खतम हो चुकी है और अब पानी की निकासी नहीं हुई तो रबी फसल की भी बिजाई नहीं हो पाएगी। ऐसे में उन पर दोहरी मार पड़ेगी। सरपंच भूप सिंह ने बताया कि उपायुक्त ने सिचाई विभाग के अधिकारियों को पाइप लाइन व पैम्प सेट लगाए जाने के निर्देश दिए है।



भिवानी। उपायुक्त से मिलने जाते गांव जमालपुर के किसान।

**रबी की फसल से भी धोना पड़ सकता है हाथ**

बवानीखेड़ा के गांव लोहारी जाटू में बारिश के पानी से किसानों को करीब 50 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। इस गांव के करीब 22 सौ एकड़ भूमि में बारिश का पानी जमा है। कहीं पर दो तो कहीं पर तीन से चार फुट तक बारिश का पानी जमा है। जिस वजह से खरीफ की फसल तो पूरी तरह से तबाह ही हो गई है। अगर खेतों में जमा पानी की निकासी नहीं हुई तो इस बार रबी फसल की बिजाई से भी किसानों को हाथ धोने पड़ सकते है। किसानों ने बताया कि अभी तक पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं हो पाई है। जिस वजह से अभी तक खेतों में बारिश का पानी जमा है।

## भिवानी टाइगर्स ने सपेरो स्पोर्टस अरीना को छह रन से हराया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| भिवानी

केसीएम आर्मी कॉलेज ऑफ एजुकेशन परिसर में सपेरो स्पोर्टस अरीना द्वारा डॉ. अमन मलिक की देखरेख में दीपांशु व शिवम दूसरी क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में टीम भिवानी टाईगर्स ने कैप्टन अशोक सांगवान के नेतृत्व में फाइनल मुकाबले में टीम सपेरो स्पोर्टस अरीना को छह रन से मात देते हुए जीत हासिल की।

कैप्टन अशोक सांगवान ने बताया कि प्रतियोगिता का शुभारंभ टॉस के साथ हुआ। टॉस जीतते हुए उनकी टीम ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। इस दौरान टीम के खिलाड़ियों ने छह ओवर में 46 रन का लक्ष्य रखा। सपेरो स्पोर्टस अरीना की टीम ने कैप्टन विवेक चौधरी की देखरेख में छह ओवर में 40 रन बनाए। प्रतियोगिता में बेस्ट बॉलर रमेश राघव व बेस्ट कैचर विशाल रहे।



भिवानी। विजेता ट्रॉफी के साथ खिलाड़ी।


# हरिभूमि सहेली





विशेषः विजय दशमी-गांधी जयंती

श्रीराम के संपूर्ण जीवन से दृष्टिगत होता है कि वे स्त्रियों के मान-सम्मान के समर्थक-रक्षक थे। श्रीराम के अनन्य भक्त महात्मा गांधी उनके आदर्शों के अनुगामी थे, समाज में स्त्रियों को मान-सम्मान और समान अधिकार देने के पक्षधर थे। विजय दशमी-गांधी जयंती के अवसर पर स्त्रियों के संदर्भ में श्रीराम और महात्मा गांधी के आदर्शों का एक विवेचन।



## समाज में हो स्त्रियों का मान-सम्मान

आवरण कथा

डॉ. मोनिका शर्मा

मर्यादित जीवन और लोक कल्याणकारी नीतियों के लिए मान पाने वाले प्रभु श्रीराम की हर सीख स्त्रियों के लिए सुरक्षित परिवेश बनाती है। मानवीय संवेदनाओं से भरा श्रीराम का व्यवहार हर महिला को सम्मानजनक पारिवारिक माहौल देने की शिक्षा देता है। वहीं समानता और अहिंसा के समर्थक बापू का जीवन भी स्त्रियों की जिंदगी सहज करने वाले कई पाठ लिए है। असल में स्त्रियों के सपने और आशाएं सुरक्षा, सम्मान, समानता और मर्यादित माहौल में ही पूरे हो सकते हैं। महिलाओं का निर्भय मन ही कामयाबी की उड़ान भर सकता है। घर हो या दफ्तर, संयत-अनुशासित परिवेश ही सफलता की राह पर उन्हें कदम बढ़ाने का हौसला देता है। बराबरी के भाव से हर महिला का मनोबल बढ़ता है। प्रभु श्रीराम जैसे समर्पित जीवनसाथी हों या महात्मा गांधी के समान बहू-बेटियों को आगे बढ़ाने वाले वरिष्ठजन, जरूरी है कि समानता के भाव से भरा मर्यादित परिवेश बनाने के लिए समग्र समाज आगे आए।

**पारिवारिक अपनेपन का भावः** प्रभु श्रीराम के व्यक्तित्व में परिवार से गहरा जुड़ाव दिखता है। सच्चे जननायक मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्रीराम का यह जुड़ाव मां कैकेयी द्वारा उनके लिए वनवास मांगे जाने पर भी बना रहा। सदाचारी सोच में समाई उनकी सहजता में अपनी माता के प्रति ही नहीं, मातृशक्ति के प्रति मान का भाव दिखता है। हमारे यहां आज भी महिलाओं को घर-परिवार में अपनेपन का माहौल नहीं मिलता। इन परिस्थितियों में महिलाएं अपनी योग्यता और क्षमता का सही इस्तेमाल नहीं कर पातीं। मन की पीड़ा कहने का अवसर नहीं मिलता। अपने सपनों को साकार करने की बात अपनों से कहने में भी हिचकिचाहट होती है। शारीरिक ही नहीं, बहुत-सी स्वास्थ्य समस्याएं भी अपनेपन के अभाव से ही घेरती हैं। ऐसे में पारिवारिक परिवेश में संवेदनाएं सींचने और संबंधों में निश्छल प्रेम को पोसने के लिए भगवान श्रीराम का जीवन सार्थक दिशा देता है। यह सकारात्मक दिशा, स्त्री जीवन की दशा बदलने के लिए बहुत आवश्यक है। इसी बदलाव की बदौलत समानता का भाव पनपता है। यही समान भाव रखने की सीख बापू ने भी दी है। महात्मा गांधी का कहना था, 'स्त्रियां पुरुषों की प्रतिद्वंद्वी नहीं हैं। महिलाओं और पुरुषों में आत्मा एक ही है और उनकी समस्याएं भी एक जैसी हैं। महिला और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं।' परिवार में स्त्रियों के प्रति अपनत्व और आत्मीयता का यह बर्ताव, उनकी बेहतरी से गहराई से जुड़ा है।



### सम्मान और मर्यादित बर्ताव

रावण के अहंकार को अपनी विनम्रता से पराजित करने वाले भगवान श्रीराम ने नारी शक्ति को सदैव सम्मान दिया। रघुनंदन श्रीराम ने स्त्रियों के साथ मर्यादित व्यवहार करने के उपदेश ही नहीं दिए बल्कि अपने जीवन में भी अपनाया। जीवनसंगिनी सीता हों या माता कौशल्या, कैकेयी, सुमित्रा। प्रेम भाव रखने वालीं परम भक्त शबरी हों, पत्थर बनने का श्राप पाने वाली देवी अहिल्या हों या राक्षस कुल में जन्मी शूर्पनखा। उनके शब्दों और व्यवहार में सभी के प्रति आदरभाव ही प्रकट हुआ। नारी को सृजन शक्ति के रूप में देखने वाले प्रभु श्रीराम ने स्वयं मां आदिशक्ति की उपासना की।

**अहंकारी स्वभाव से बचने का संदेशः** श्रीराम की विजय और रावण की पराजय के रूप में दशहरे का पर्व अहंकारी स्वभाव से बचने का भी संदेश देता है। हमारे सामाजिक-पारिवारिक परिवेश में पुरुषों के अहंकार का दंश स्त्रियां ही सबसे अधिक झेलती हैं। यह दंभ महिलाओं के लिए बोली जाने वाली भाषा से लेकर उन्हें हर मामले में कम आंकने के बर्ताव तक अपनी मौजूदगी रखता है। यही वजह है कि महिलाओं के प्रति सभ्य बर्ताव की सीख महात्मा गांधी ने भी दी है। जैसे भगवान श्रीराम ने देवी अहिल्या को श्राप से मुक्त किया, वैसे ही बापू ने भी पर्दा प्रथा, अशिक्षा, बाल-विवाह और दहेज जैसी कुरीतियों के श्राप से महिलाओं को मुक्ति दिलाने का आह्वान किया। महात्मा गांधी ने पुरुषों के अभिमान को पोसने और दबकर रहने के बजाय स्त्रियों को अपनी शक्तियां पहचानने को प्रेरित किया। सशक्त और स्वतंत्र अस्तित्व गढ़ने की राह दिखाई। समझना आवश्यक है कि सम्मान और मर्यादित बर्ताव महिलाओं की बहुत-सी समस्याओं का हल है।




**स्त्रियों का साथ दे समाजः** किसी संकट, अपमानजनक स्थिति या आपराधिक घटना का शिकार होने पर स्त्रियां अकेली पड़ जाती हैं। अपने हों या पराए, सभी दोषारोपण करने लगते हैं। समग्र समाज महिलाओं पर ही सवाल उठाने लगता है। पीड़ादायी परिस्थितियों में जीवनसाथी तक मुंह मोड़ लेते हैं। ऐसे में असत्य पर सत्य की विजय का पर्व दशहरा स्त्रियों के मान को ठेस पहुंचाने वाले लोगों के विरुद्ध एकजुट होने का भी संदेश देता है। रावण द्वारा एक स्त्री यानी माता सीता के अपमान का दंड देने के लिए ही प्रभु श्रीराम ने रावण से युद्ध किया। सही और गलत का फर्क समझते हुए उनका साथ स्वयं रावण के भाई विभीषण ने भी दिया। पत्नी मंदोदरी ने भी रावण को सीता हरण के लिए अपनी गलती मानने और स्त्रीशक्ति के प्रति सम्मान का भाव रखने को ही कहा। व्यावहारिक रूप से समाज और परिवार में यह महिलाओं के समर्थन में खड़े होने की सोच नदारद ही रही है। घर हो या बाहर, स्त्रियां भी पीड़ित महिला के पक्ष में खड़ी नहीं होतीं। यह महिलाओं के मान को ठेस पहुंचाने वाला ही नहीं, उनका मनोबल तोड़ने वाला बर्ताव भी है। जबकि गांधीजी ने कहा था कि समाज की उन्नति महिलाओं के सम्मान-सुरक्षा पर निर्भर करती है। बापू ने न केवल महिलाओं के प्रति हिंसा और अन्याय का मुखर विरोध किया बल्कि समाज से भी आधी आबादी के समर्थन में आवाज उठाने का आह्वान किया। बापू का कहना था, 'स्त्री और पुरुष एक-दूसरे के पूरक हैं। आपसी सहयोग के बिना दोनों का अस्तित्व असंभव है।' इसका मतलब ही है कि हर परिस्थिति में स्त्रियों को जीवन साथी का सहयोग मिलना चाहिए। समाज को हर भेदभाव से परे उनकी भूमिका समझनी चाहिए। जीवन के हर उतार-चढ़ाव में परिजनों को उनका साझीदार बनना चाहिए। खासकर किसी परेशानी के दौर में 'जजमेंटल' हुए बिना स्त्रीमन को समझा जाना चाहिए।

## बच्चों को बताएं दशहरे का संदेश

हमारे पर्व हमें कोई ना कोई बड़ा संदेश जरूर देते हैं, हमें जीवन में सही मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं। दशहरा का पर्व भी हमें अन्याय ना सहने और सत्यता, नैतिकता के पथ पर चलने का संदेश देता है। हम अपने बच्चों को दशहरे का संदेश बताएं और उन्हें संस्कारवान बनाएं।


परवरिश

सरस्वती रमेश



दशहरा, बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व है। इसे मनाने के पीछे एक गहरा संदेश छिपा हुआ है- हम अच्छाई यानी सत्य के मूल्यों को अपने जीवन में उतारें ताकि हमारे जीवन में अच्छाई की रोशनी फैले। जीवन की शुरुआत बाल्यकाल से होती है। सवाल है कि अच्छाई के इस प्रकाश से अपने नन्हे-मुन्नों को कैसे परिचित कराएं? उनके जीवन में इस प्रकाश को कैसे उतारें? उन्हें रावण दहन और विजय दशमी के महत्व को कैसे बताएं? जानें-

**कहानी के माध्यम से बताएंः** बच्चों को कहानियां बहुत भाती हैं। इनसे वे बहुत प्रभावित होते हैं। कहानी के जरिए हम उन्हें कठिन से कठिन बात को सरलता से समझा सकते हैं। हम जानते हैं, महान लोगों की जीवनी से लेकर, महत्वपूर्ण घटनाओं तक को कहानी का रूप देकर बच्चों को उनकी पाठ्य-पुस्तकों में समझाया जाता है। बच्चे कहानी के पात्रों को अपना नायक समझने लगते हैं। उनसे प्रेरित होकर, उन जैसा बनने का प्रयास करते हैं। इसलिए कहा जाता है, बचपन में बच्चों को वीर और महान लोगों की कहानियां सुनानी चाहिए। दशहरे पर भी उन्हें श्रीराम के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाओं को सुनाएं। उन्हें बताएं कि श्रीराम एक आज्ञाकारी पुत्र थे। साथ ही वे धैर्यवान, वीर, साहसी थे, सभी से प्रेम भी करते थे। श्रीराम के साथ ही भरत, लक्ष्मण और हनुमान की कहानियां भी प्रेरणादाई हैं, इन्हें भी बच्चों को सुनाएं।



**दशहरे का मतलब समझाएंः** दशहरा तो हम सभी मनाते हैं, लेकिन अकसर यह देखा जाता है, माता-पिता अपने बच्चों को त्योहार को मनाने के पीछे का संदेश बताना भूल जाते हैं। इस बार जब दशहरा मनाएं तो अपने बच्चों को इसका महत्व जरूर बताएं। रावण बुराई का प्रतीक है। इसलिए हर वर्ष उसका पुतला दहन किया जाता है, लेकिन बुराई तो हम सबके भीतर भी रहती है। इसे कैसे नष्ट किया जाए। इस बारे में भी बच्चों को बताना जरूरी है। बच्चों को यह अहसास कराना जरूरी है कि अपने भीतर की बुराइयों को प्रयासपूर्वक ही समाप्त किया जा सकता है। एक अच्छा और नेक इंसान बना जा सकता है।

**बुराइयां खत्म करने के तरीकेः** दशहरा हमारे भीतर की बुराइयों को खत्म करने का प्रतीक है। बच्चों को इन बुराइयों से बचाकर ही संस्कारवान बनाया जा सकता है। यदि बच्चों को संस्कारवान बनाना है तो बचपन से ही उनमें अच्छी आदतें डालनी होंगी। इसके लिए जरूरी है, पहले उनके अंदर की बुराइयों को बाहर किया जाए। इस दशहरे पर अपने बच्चों से पूछें कि उन्हें अपनी कौन-सी बुरी आदत से छुटकारा पाना है? उन्हें कागज पर लिखने के लिए कहें कि वे इन बुरी आदतों से क्यों छुटकारा पाना चाहते हैं? फिर उन्हें छुटकारे के तरीके सुझाएं और उस पर अमल करने को कहें। लिखने से उन्हें गलत बातों से होने वाले नुकसान के बारे में गहराई से पता चलेगा और वे उनसे बचने के उपाय भी अपनाएंगे। इसी तरह उनके भीतर अच्छी आदतों को भरने के लिए नए-नए आइडिया सुझाएं। समय-समय पर गलत आदतों से होने वाले नुकसान के बारे में भी सचेत करें।

याद रखिए, त्योहारों को मनाने की सार्थकता तभी है, जब उससे हमारा समाज बेहतर बन सके। समाज तभी अच्छा बनेगा, जब हमारे बच्चे संस्कारवान, ईमानदार और सच्चाई की राह पर चलेंगे।

फिटनेस फंडा

सोनल पंवार

इन दिनों एंड टीवी के शो 'हप्पू की उलटन-पलटन' में इंस्पेक्टर मलिका का किरदार निभा रहीं सोनल पंवार न सिर्फ एक्टिंग में माहिर हैं, बल्कि फिटनेस के मामले में भी पूरी तरह से डिसिप्लिन में रहती हैं। इसके लिए वह क्या करती हैं, सहेली को सोनल बता रही हैं अपनी जुबानी।


## जरूरी है वर्कआउट मेंटल वेलनेस में बैलेंस

मेरा मानना है कि एक एक्ट्रेस के लिए सिर्फ खूबसूरत दिखना ही नहीं, बल्कि अंदर से एनर्जेटिक और पॉजिटिव रहना भी बहुत जरूरी है।

इसके लिए मैं डेली वर्कआउट और अपनी डाइट पर फोकस करती हूं। हेल्दी लाइफस्टाइल के लिए टाइम निकालना मेरे लिए बहुत जरूरी है क्योंकि इससे मेरी मेंटल हेल्थ भी सही रहती है।

**फिटनेस है जरूरीः** मेरे विचार में अच्छी लाइफ के लिए हेल्दी और फिट रहना बहुत जरूरी है। फिटनेस मुझे पॉजिटिव सोच, कॉन्फिडेंस और जीवन का पूरा आनंद लेने की शक्ति देता है। लंबी शूटिंग और एक्शन सींस के दौरान एनर्जी बनाए रखना तभी मुमकिन है, जब आपकी बॉडी स्ट्रॉन्ग हो।

**फिटनेस आइडियलः** मेरा फिटनेस आइडियल मेरे पापा और भाई हैं, जो आर्मी बैकग्राउंड से हैं। बचपन से ही मैंने उन्हें फिटनेस, अनुशासन और समय की पाबंदी के साथ रहते देखा है। उनका रूटीन और डेडिकेशन मुझे हमेशा मोटिवेट करता है। वो चाहे किसी भी कंडीशन में हों, उनका सेल्फ कंट्रोल और एनर्जी लेवल कमाल का होता है। मेरे लिए वही असली रोल मॉडल हैं।



**हेल्दी-एनर्जेटिक होना जरूरीः** मेरे लिए स्लिम-ट्रिम दिखने से ज्यादा इंपॉर्टेंट है खुद को हेल्दी, फिट और एनर्जेटिक महसूस करना। कैमरे पर तो मेकअप मदद कर देता है, लेकिन स्टेमिना और फुर्ती सिर्फ संतुलित आहार और ट्रेनिंग से आती है। जब आप अंदर से हेल्दी रहते हैं तो सेल्फ कॉन्फिडेंस अपने आप चेहरे पर झलकने लगता है।



**डाइट प्लानः** मैं दिन की शुरुआत भीगे हुए बादाम खाने से करती हूं। नाश्ते में आमतौर पर ऑमलेट-ब्रेड या ओट्स लेती हूं। मेरे लंच में चावल, दाल, हरी-सब्जी और सलाद शामिल होता है। रात का खाना हल्का लेती हूं, जैसे- रोटी, ग्रिल्ड पनीर, सूप या खिचड़ी। साथ ही दिनभर में ढाई-तीन लीटर पानी पीती हूं।

**वर्कआउट शेड्यूलः** मैं हफ्ते में चार दिन स्ट्रेंथ ट्रेनिंग और दो दिन कार्डियो करती हूं। सेशन से पहले 15 मिनट की डायनेमिक स्ट्रेचिंग जरूर करती हूं। रोज 20 मिनट कुछ योगासन और प्राणायाम कर लेती हूं। शूट वाले दिन अगर जिम नहीं जा पाती तो सेट पर ही 10,000 स्टेप्स वॉक और रेजिस्टेंस बैंड वर्कआउट कर लेती हूं।

**इन्हें भी करती हूं फॉलोः** वीक में एक दिन इंटरमिटेंट फास्टिंग रखती हूं, जिससे शरीर डिटॉक्स हो। अकसर लिफ्ट के बजाय सीढ़ियों से फ्लोर चढ़ती-उतरती हूं। आउटडोर सीन के बीच-बीच में स्क्वैट्स या प्लैंक्स कर लेती हूं। डांस वर्कशॉप्स भी जॉइन करती रहती हूं, क्योंकि म्यूजिक के साथ डांस तन-मन दोनों को तरोताजा कर देता है।

**मेंटली फिटः** मैं मेंटली फिट रहने के लिए दिन में कम से कम दस मिनट तक ध्यान करती हूं और शूट से पहले पांच गहरी सांसें लेकर माइंडफुलनेस प्रैक्टिस करती हूं। सोशल मीडिया ब्रेक और किताबें पढ़ना मेरे दिमाग को आराम देते हैं। परिवार के साथ समय बिताना भी मेरे लिए थेरेपी की तरह है।

**ग्लो पाने के लिए योगाभ्यासः** चेहरे की चमक बरकरार रखने के लिए रोजाना कपालभाती, भ्रामरी और फेस योगा करती हूं। सूर्य नमस्कार करने से शरीर में ब्लड सर्कुलेशन सही रहता है और त्वचा में नेचुरल ग्लो आता है। डेली पूरी नींद लेती हूं, क्योंकि अच्छी नींद से फेस ग्लो करता है।

प्रस्तुतिः सहेली फीचर्स



हेयर केयर

शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट

## बालों की कई समस्याएं करे दूर मुलेठी

बालों का कमजोर होना, झड़ना, रूसी और उम्र से पहले बालों के सफेद होने जैसी समस्याओं को लेकर कई महिलाएं परेशान रहती हैं। कुछ घरेलू उपचार से इन सभी समस्याओं से छुटकारा पाया जा सकता है। आप चाहें तो बालों की इन समस्याओं के लिए मुलेठी पावडर को अलग-अलग तरीके से इस्तेमाल कर सकती हैं। इससे आपके बाल और भी ज्यादा हेल्दी और शाइनी हो जाएंगे।

**डेंड्रफ के लिए :** डेंड्रफ की प्रॉब्लम दूर करने के लिए सबसे पहले कांच के जार में एक चम्मच मुलेठी पावडर, आधा चम्मच नीबू का रस और एक चम्मच शहद को अच्छी तरह मिलाएं। इस तरह तैयार पेस्ट को अपने सिर और बालों में लगा लें। आप इसे हफ्ते में दो बार लगा सकती हैं। मुलेठी में एंटी बैक्टीरियल गुण होते है, जिसके कारण यह डेंड्रफ की प्रॉब्लम को दूर करता है।



**हेयर फॉलिंग :** बाल झड़ना यानी हेयर फॉल या बाल्डनेस की प्रॉब्लम के लिए भी आप मुलेठी पावडर को अप्लाई कर सकती हैं। सबसे पहले कांच के बर्तन में एक चम्मच मुलेठी पावडर, कुछ केसर के धागे और 1 कप दूध या दही डालकर इसे अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इसे रात के समय अपने बालों पर लगाएं और शॉवर कैप से बालों को कवर करके सो जाएं। सुबह आप अपने बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें।

**हेल्दी हेयर के लिएः** हेल्दी हेयर के लिए हेयर मास्क काफी इफेक्टिव माना जाता है। इसे बनाने के लिए कांच के बाउल में आधा पका केला, 2 चम्मच मेहंदी पावडर और 1 चम्मच मुलेठी पावडर को अच्छे से मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को बालों पर 45 मिनट तक लगाने के बाद बालों को माइल्ड शैंपू से धो लें। बेजान और कमजोर बालों के लिए एक कटोरे में पांच चम्मच मुलेठी पावडर, 1 कप दही और 2 चम्मच जैतून का तेल डालकर इसे अच्छी तरह मिलाकर पेस्ट बना लें। अब पेस्ट को अपने सिर और बालों पर अच्छी तरह लगाकर, आधे घंटे बाद बालों को ताजे और साफ पानी से धो लें, इससे आपके बालों को भरपूर मजबूती मिलेगी।



**सफेद बालः** असमय बालों की सफेदी रोकने के लिए मुलेठी पावडर और थोड़ी मात्रा में सरसों के तेल को मिलाकर, इसे अपने बालों पर लगा लें। यह आपके हेयर फॉल की प्रॉब्लम के साथ बालों में आई असमय सफेदी को भी कम करता है।

दायित्व

यशोधरा भटनागर

बुजुर्ग हमारे परिवार के मूलाधार होते हैं। बावजूद इसके बहुत से वृद्धजन उपेक्षित, एकाकी जीवन गुजारने को बाध्य होते हैं। जरूरी है, हम उनकी महत्ता को समझें, उनका सम्मान करें।

## परिवार की अनमोल धरोहर हैं हमारे बुजुर्ग

परिवार केवल चार दीवारों से बना मकान नहीं होता, बल्कि भावनाओं, रिश्तों और संस्कारों का जीवंत संसार होता है। इस घर-संसार की सबसे अनमोल धरोहर होते हैं परिवार के बुजुर्ग, जो अपने श्रम, त्याग और अनुभव से घर की नींव मजबूत करते हैं और आने वाली पीढ़ियों को संस्कारित करते हैं। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस (1 अक्टूबर) यह अवसर देता है कि हम उनकी स्थिति सुधारने की दिशा में विचार करें और प्रयास करें।



**अपनों के साथ को तरसतेः** घर कितना भी सुंदर क्यों न हो, उसकी असली रौनक तो बड़े-बूढ़ों से ही होती है। दादा-दादी की कहानियां, नाना-नानी के संस्कार और माता-पिता के आशीर्वाद, यही तो वह पूंजी है, जो परिवार को संपूर्ण बनाती है। लेकिन आज का कटु सत्य यह है कि जिनके कंधों पर बैठकर हमने तारों से सजा आकाश देखा था, उन्हीं के लिए हमारे घरों में जगह कम पड़ गई है।

**बदलती जीवनशैली का प्रभावः** आज की भाग-दौड़ भरी जिंदगी, दूर-दराज शहरों और विदेशों में बसे बच्चों की व्यस्तता, आर्थिक दबाव और व्यक्तिगत महत्वाकांक्षाएं बुजुर्गों में बढ़ते एकाकीपन के बड़े कारण हैं। बेटे-बेटियां अपनी जिम्मेदारियों में उलझे रहते हैं और वृद्ध माता-पिता का स्थान धीरे-धीरे घर की परिधि से हटकर वृद्धाश्रमों की दीवारों में सिमट जाता है। आंकड़े बताते हैं कि वृद्धाश्रमों की संख्या लगातार बढ़ रही है, यह हमारे सामाजिक ताने-बाने की कमजोरी का स्पष्ट संकेत है। जिनकी अंगुली पकड़कर चलना सीखा, जिनकी गोद में बैठकर दुनिया देखी, आज वही अपने जीवन के अंतिम पड़ाव में अकेलेपन से घिरकर प्रतीक्षा करते हैं उस पल की, जब कोई उनसे पूछे, 'आप कैसे हैं?'

**संस्कारों का क्षरणः** भारतीय संस्कृति में कहा गया है, 'मातृदेवो भव, पितृदेवो भव।' हमारे यहां बुजुर्गों को अनुभवों का अक्षय स्रोत माना गया है। लेकिन बदलती जीवनशैली में जब 'संस्कार' की जगह 'सुविधाएं' और 'परंपरा' की जगह 'प्रौद्योगिकी' ने ले ली, तब रिश्तों की ऊष्मा धीरे-धीरे कम होने लगी। हम भूलते जा रहे हैं कि वृद्धजनों के अनुभव संकट की घड़ी में हमारे मार्गदर्शक हो सकते हैं। हमारे बच्चे संस्कारों का सबसे ज्यादा ज्ञान, दादा-दादी और नाना-नानी से ही पाते हैं, लेकिन आज हम उन्हें बोझ मानने लगे हैं।

**हम समझें अपने दायित्वः** हमें स्वयं से पूछना चाहिए, क्या हम अपने बुजुर्गों को उचित सम्मान, संवाद और अपनापन दे पा रहे हैं? हम कभी ना भूलें कि एक दिन हम सबको भी वृद्ध होना है। याद रखें, वृद्धजन हमारे परिवार की जड़ें हैं। यदि जड़ें ही सूख जाएंगी, तो शाखाएं भला कैसे हरी रह पाएंगी? यही समय है कि हम उनके हाथ थाम लें और उनकी आंखों में झांककर कहें, 'आप अकेले नहीं हैं, हम आपके साथ हैं।'

### समाधान की राह

बुजुर्गों के समक्ष उपस्थित कई तरह की समस्याओं के समाधान के लिए आप यहां बताई जा रही कुछ बातों पर अमल कर सकते हैं।

- आप अपने वृद्ध माता-पिता से चाहे पास रहते हों या दूर, रोज कुछ पल बात करें। एक कॉल, एक संदेश ही उनके लिए जीवन का संबल बन सकता है।
- परिवार के बुजुर्ग सदस्य के अनुभवों को सुनें और उनकी उपस्थिति को महसूस कराएं।
- अपने बच्चों को शुरू से सिखाएं कि बुजुर्गों की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है।
- मोहल्लों और समाज में ऐसे केंद्र शुरू होने चाहिए, जहां बुजुर्ग मिल-जुलकर संवाद कर सकें और अकेलेपन से बाहर आ सकें।

## खबर संक्षेप

### गांव चन्देनी में शिविर में 138 ने करवाई जांच

**चरखी दादरी।** गांव चन्देनी में फ्री आई चैकअप कैंप का आयोजन किया। शिविर ईश्वर आई सेंटर तथा राजेश जैन एलपीएस बौसार्ड के सहयोग से लगाया, जिसमें लोगों के नेत्रों की निःशुल्क जांच की गई तथा दवाइयां वितरित की। कैंप में 138 व्यक्तियों की आंखों की फ्री जांच की गई। लोगों को चश्में के उपयोग व कुछ को ऑपरेशन की सलाह दी गई। कैंप के दौरान आंखों को बीमारियों से बचाव के बारे में विस्तृत जानकारियां दी।

### प्राथमिकता पर हो रहा शिकायतों का समाधान

**चरखी दादरी।** समाधान शिविर में आने वाली नागरिकों की शिकायतों का तत्परता के साथ समाधान करना ही प्रशासन का दायित्व है। समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए उनका समाधान सुनिश्चित किया जाता है, ये बात लघु सचिवालय में आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश प्रीति रावत ने समस्या सुनते ही कही।

### संरक्षण विषय पर कार्यक्रम आयोजित

**बवानीखेड़ा।** 17 सितम्बर 2025 से 2 अक्टूबर 2025 तक आयोजित सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत सोमवार को राजकीय मॉडल संस्कृत वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बवानी खेड़ा में पर्यावरणीय समस्याओं एवं संरक्षण विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पीजीटी केमिस्ट्री अनिल ने पर्यावरण की गंभीर समस्याओं पर प्रकाश डाला। वहीं पीजीटी राजनीति शास्त्र राजेन्द्र ने पर्यावरण संरक्षण की महत्ता पर सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए और विद्यार्थियों को प्रकृति के संरक्षण के लिए प्रेरित किया।

### पेंटिंग में पालुवास स्कूल की दो छात्राएं रही प्रथम

**भिवानी।** पालुवास राजकीय वमा विद्यालय की दो छात्रों राधिका व हिना ने जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल कर विद्यालय व अभिभावकों का नाम रोशन किया। आत्मनिर्भर भारत, विकसित भारत सेवा पखवाड़े के अंतर्गत जिला स्तरीय पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन जिला परियोजना संयोजक समग्र शिक्षा भिवानी के अंतर्गत पीएमश्री राजकीय कन्या वमा विद्यालय में हुआ।

### गोस्वामी लालदास मंदिर में हुआ माता का जागरण

**भिवानी।** नवरात्र पर्व पर जैन चौक स्थित गोस्वामी लालदास मंदिर में माता रानी का भव्य जागरण हुआ। इस धार्मिक आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने हिस्सा लिया और भक्तिमय माहौल में देर रात तक माता रानी के जयकारे गूंजते रहे। जागरण का मुख्य आकर्षण कलाकारों द्वारा प्रस्तुत की माता रानी की सुंदर भेंट रही। कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज और भावपूर्ण प्रस्तुति से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### मंदिर में नशामुक्ति एवं बेटी बचाओ की दिलाई शपथ

**भिवानी।** श्रीश्याम प्रेम मंडल द्वारा नशा मुक्ति एवं बेटी बचाओ अभियान के तहत सोमवार को गांव देवसर स्थित देवसर पहाड़ी माता मंदिर में विशेष जागरूकता कार्यक्रम हुआ। इस दौरान सैंकड़ों लोगों ने समाज को नशा मुक्त बनाने और बेटियों को बचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पुजारी कंवरपाल ने नशा न करने और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने की शपथ दिलाई।

### जांच शिविर में 140 मरीजों का जांचा स्वास्थ्य

**बवानीखेड़ा।** जनसेवा के भाव से ओतप्रोत भिवानी रैडक्रॉस सोसायटी ने सोमवार को एक स्वास्थ्य जांच और टीबी जागरूकता शिविर एवं टीआई प्रोजेक्ट के सहयोग से सामुदायिक कार्यक्रम का आयोजन किया। यह शिविर भिवानी के रैडक्रॉस भवन में उपायुक्त और रैडक्रॉस अध्यक्ष साहिल गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन तथा रैडक्रॉस सचिव प्रदीप कुमार की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

## आधुनिक जीवन शैली की देन है पीसीओडी : डॉ. रुचि

# नियमित जांच करवाने व पत्तेदार सब्जियां खाने को किया जागरूक

महिला सेल का उद्देश्य लड़कियों के ज्ञानवर्धन के लिए सकारात्मक कार्यक्रम करवाना है



**भिवानी।** वैश्य कॉलेज में अनियमित मासिक धर्म को विषय में बताती वक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा अनियमित मासिक धर्म विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन हुआ। विस्तार व्याख्यान में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. रुचि गोयल ने शिरकत की। कार्यक्रम का प्रारंभ अतिथि के स्वागत से हुआ। महिला प्रकोष्ठ की संयोजक डॉ. सीमा बंसल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि महिला सेल का उद्देश्य लड़कियों के ज्ञानवर्धन के लिए सकारात्मक कार्यक्रम करवाना है। इसी कड़ी में महाविद्यालय की छात्राओं के स्वास्थ्य के संबंध ये व्याख्यान करवाया है। विस्तार व्याख्यान की मुख्य वक्ता महिला चिकित्सक रुचि गोयल ने पीसीओडी विषय पर व्याख्यान देते हुए बताया कि महिलाओं में पीसीओडी के कारण अनियमित मासिक धर्म, अत्यधिक बाल उगना,वजन बढ़ना, त्वचा पर मुंहासे, गर्भ धारण करने में परेशानी जैसी समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने इसके निवारण के लिए नियमित जांच, पत्तेदार सब्जियां खाना, व्यायाम करना, आधुनिक जीवन शैली में बदलाव आदि के उपाय बताएं। कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ. रीना ने किया। इस अवसर पर उपप्राचार्य सविता जैन, डॉ. आशा रानी, डॉ. सरिता गोयल, डॉ. मधु गुप्ता, डॉ. कामना कौशिक, डॉ. मोनिका मित्तल, डॉ. कमलेश, श्रेया, अपूर्व, चंचल व सुनिधि आदि मौजूद रही।



**भिवानी।** कार्यक्रम को संबोधित करती वक्ता।

## भाषण में दीपांशी व निबंध लेखन में तमन्ना प्रथम

**भिवानी।** राजीव गांधी राजकीय महिला महाविद्यालय में भारत में महिलाओं की स्थिति विषय पर निबंध लेखन और महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्राचार्य ने अपने संबोधन में कहा कि वर्षों से महिलाओं ने समाज के अन्याय एवं पूर्वाग्रह को झेला है, लेकिन आज बदलते समय के साथ उन्होंने अपनी एक पहचान बना ली है। उन्होंने लैंगिक रूढ़ियों की बेड़ियों को तोड़ दिया और अपने सपनों एवं लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए मजबूती से खड़ी हैं। प्रोफेसर मनजीत ने बताया कि महिलाओं को शिक्षा देने का अर्थ है पूरे परिवार को शिक्षा प्रदान करना। महिलाओं में आत्मविश्वास पैदा करने में शिक्षा अहम भूमिका निभाती है। महिला सशक्त होगी, तभी समाज सशक्त होगा। भाषण प्रतियोगिता में दीपांशी ने प्रथम, अनसुईया ने द्वितीय और तमन्ना व दृष्टि ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं निबंध लेखन में तमन्ना ने प्रथम, अनसुइया ने द्वितीय और निशा ने तृतीय स्थान जीता।



**भिवानी।** विजेता छात्राओं को पुरस्कृत करते अतिथि व शिक्षक। **फोटो : हरिभूमि**

## आंबेडकर का जीवन, शिक्षा व कार्य युवाओं के लिए प्रेरणा

**भिवानी।** शहीद रमेश कुमार राजकीय वमा विद्यालय लोहानी में डॉ. भीमराव आंबेडकर जनकल्याण समिति लोहानी के तत्वावधान में डॉ. भीमराव अंबेडकर और भगत सिंह स्मृति में निबंध व श्रुतिलेख प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष नरेश कुमार चोपड़ा ने सलाह दी और कहा कि उनकी शिक्षाओं को अपनाकर विद्यार्थी जीवन में सफलता हासिल कर सकते हैं। समिति के उपाध्यक्ष कर्मबीर, सतबीर व जयवीर यादव ने भी विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सरपंच अशोक कुमार ने विद्यार्थियों को निरंतर पढ़ाई करने और उपलब्धियां हासिल करने पर बल दिया और कहा कि पढ़ाई, खेल और अन्य गतिविधियों में आगे बढ़ने वाले विद्यार्थियों को संसाधनों का अभाव नहीं रहने दिया जाएगा। सरपंच अशोक शर्मा और समिति ने विद्यालय को 10 पंखे भेंट करने की घोषणा की। निबंध लेखन में गीता प्रथम, नीलम द्वितीय व स्वाति तृतीय स्थान पर रही। वहीं लेखन कला में मोहिनी विजेता रही। विजेताओं को क्रमशः 2100, 1100 व 500 रुपये नकद और ट्राफी भेंट कर सम्मानित किया। प्राचार्य भगत सिंह कोठारी और ड्राइंग अध्यापक आजाद सिंह को भी सम्मानित किया। प्राचार्य ने कहा कि आज का युवा डॉ. भीमराव अंबेडकर और भगत सिंह के जीवन मूल्यों, शिक्षा और कार्यों का अनुसरण करें तो मनचाहा मुकाम हासिल कर सकते हैं। हमें उनके पदचिन्हों पर चलना चाहिए। कार्यक्रम में मीनू, प्रवक्ता कृष्ण कुमार ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन प्रवक्ता सतपाल डुडी ने किया।

## विद्यार्थियों को प्रकृति को बचाने के योगदान का किया आह्वान

**चरखी दादरी।** शहीद धर्मेश सांगवान राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ीबत्तर में कार्यक्रम हुआ, जिसमें बतौर मुख्यतिथि पांडवान गुरूकुल से स्वामी सचिदानन्द ने सहभागिता की। उन्होंने सबको प्रकृति को बचाने के लिए यथासंभव योगदान का आह्वान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्यध्यापिका पूनम बूरा ने की। मुख्यतिथि का स्वागत विज्ञान अध्यापक मास्टर रविंद्र सांगवान ने किया। स्वामी सचिदानन्द ने कहा कि मानव चाहे कितनी भी तरक्की कर लें, सभ्यता चाहे कितने भी विकास के सोपान तय कर लें, लेकिन ये सच है कि अगर इस धरा पर जल, जमीन, जंगल, वायु व प्रकृति का संरक्षण करने में हम नाकामयाब हो गए तो कुछ भी नहीं बचने वाला, क्योंकि धरती पर जीवन को आगे बढाने का ये ही आधार है। उन्होंने कहा कि ये बहुत ही दुःख की बात है कि आज अपने आपको सबसे अधिक बुद्धिमान कहने वाला मनुष्य 21वीं सदी में जीवन जी रहा है, वो इतनी छोटी सी बात को नहीं समझता या फिर अपने स्वार्थ के चलते समझना नहीं चाहता। सबकी एक ही सोच बन चुकी है कि हम सभी भौतिक सुख सुविधाओं का उपयोग अधिक से अधिक कर लें, प्रकृति सेवा करने के लिए तो बहुत से लोग काम कर रहे है, जब उनके कामों से पर्यावरण संरक्षित होगा तो हमें अपने आप उनका लाभ मिल जाएगा, लेकिन यही संकुचित सोच आने वाली पीढ़ियों के लिए काफी भयावह साबित होगी। उन्होंने कहा कि हम सभी सावधान हो जाए, अपनी गलतियों को सुधारे तथा जल-जमीन-जंगल-वायु को बचाना मानव का प्रथम कर्तव्य मानकर काम करें। उन्होने बच्चों को शपथ भी दिलवाई कि वो अपने स्तर पर प्रकृति संरक्षण में सभी योगदान देंगे व दूसरों को जागरूक भी करेंगे।



**चरखीदादरी।** विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की जानकारी देते स्वामी सचिदानंद।

## हड्डी जांच शिविर में 78 मरीजों ने उठाया लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

मानव सेवा के नेक उद्देश्य के साथ कृष्णा कॉलोनी स्थित डॉ. विद्या सागर चैरिटेबल अस्पताल में सोमवार को हड्डी जांच शिविर का आयोजन हुआ। शिविर हर महीने के आखिरी सोमवार को होने वाले नियमित स्वास्थ्य जांच की श्रृंखला का हिस्सा था। शिविर का शुभारंभ समाजसेवी जवाहरलाल मिताथलिया ने रिबन काटकर किया। शिविर में 78 मरीजों की हड्डियों की गहन जांच की गई, जिससे उन्हें अपनी सेहत को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी मिली। शिविर में मरीजों की जांच के लिए अत्याधुनिक तकनीक का इस्तेमाल किया। मशीन द्वारा हड्डियों की संपूर्ण जांच की गई, जिसमें उनकी घनत्व और मजबूती का आकलन शामिल था। इसके अतिरिक्त फाइब्रोस्कैन विधि का भी उपयोग किया, जिससे हड्डियों से संबंधित अन्य संभावित समस्याओं का पता लगाने में मदद मिली। शिविर में मरीजों को परामर्श और जांच की सुविधा देने के लिए कल्याणी अस्पताल गुरुग्राम के विशेषज्ञ डॉ. विक्रांत खन्ना उपस्थित थे।



**भिवानी।** शिविर में मरीज की जांच करते चिकित्सक।

## यातायात के नियमों का सजगता से पालन करें विद्यार्थी : गोयल

- कैडेट्स को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ पढाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

11 हरियाणा बटालियन एन सी सी के निर्देशानुसार वैश्य महाविद्यालय भिवानी की एन सी सी इकाई द्वारा महाविधालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल के नेतृत्व एवं एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ अनिल तंवर,डॉ मनीष कुमार एवं लेफ्टिनेंट डॉ रीना के मार्गदर्शन में एनसीसी कैडेट्स के लिए एक दिवसीय यातायात जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। यातायात जागरूकता कैंप के शुभारंभ अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में ट्रैफिक पुलिस भिवानी के एसएचओ सुरेश कुमार ने शिरकत करते हुए कैडेट्स को यातायात एवं सड़क सुरक्षा नियमों का पाठ पढाया। कार्यक्रम में मंच का सफल संचालन डॉ वंदना वत्स ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। तत्पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल, एनसीसी ऑफिसर कैप्टन डॉ अनिल तंवर, लेफ्टिनेंट डॉ रीना, डॉ रतन सिंह, डॉ कृष्ण कुमार एवं डॉ अनिल शर्मा ने अतिथियो को पुष्प देकर उनका स्वागत किया।महाविधालय के प्राचार्य डॉ. संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत करने के पश्चात कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि विधार्थियों को यातायात के नियमों का सजगता से पालन करना चाहिए क्योंकि एक आम नागरिक से अधिक इसका प्रशिक्षण एवं उससे अपेक्षा की जाती है। मुख्य वक्ता ट्रैफिक पुलिस एसएचओ सुरेश कुमार ने सड़क सुरक्षा पर तथ्यात्मक व्याख्यान देते हुए बताया कि विद्यार्थी सजग रहते हुए यातायात नियमों का पालन करे क्योंकि भारत में सड़क पर लापरवाही से हर साल लाखों लोगो की जान जाती हैं।



**भिवानी।** कैडेटस को सम्मानित करते हुए।

## रामलीला मंचन का छठा दिन

- लक्ष्मण ने काटी रावण की बहन सुर्पणखा की नाक, राम और लक्ष्मण ने खर-दूषण का किया वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ लोहारू

रामलीला मंचन में पिता के वचनों की लाज रखते हुए 14 वर्ष के वनवास पर वनों में भटकते हुए राम, लक्ष्मण और सीता की छठे दिन सूर्पणखां मुलाकात होती है। अपने सौंदर्य पर इठालने वाली शूर्पणखा की हरकतों से नाराज होकर लक्ष्मण ने सुर्पणखा की नाक काट दी और बाद में सुर्पणखा की नाक का बदला लेने पहुंचे खर और दूषण का श्रीराम व लक्ष्मण के साथ युद्ध में वध हो जाता है। छह दिनों से चल रहे रामलीला मंचन को लेकर शहर के लोगों में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है तथा पूरा मैदान लोगों की भीड़ से खचाखच दिखाई देता है। आदर्श रामलीला समिति के प्रधान संतलाल सैनी, पवन शर्मा, गोपाल तायल आदि ने बताया कि इस बार रामलीला मंचन के लिए कलाकारों ने बेहतर तैयारी की है। उन्होंने बताया कि छठे दिन भरत मिलाप का मार्मिक दृश्य दिखाया गया। भरत, शत्रुघ्न अपनी माता कौशल्या, कैकेयी और सुमित्रा के साथ राम, लक्ष्मण और सीता से मिलने पहुंचते हैं और उन्हें वापिस घर लौटने को कहते हैं। तीनों के वापिस लौटने से इंकार करने के बाद भरत अपने बड़े भाई श्रीराम के चरण पादुका अपने सिर पर उठाकर वापिस घर लौट जाते हैं।



**लोहारू।** रामलीला का मंचन करते कलाकार।

## बापोड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर में अनेक लोगों ने उठाया लाभ

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में भाजपा द्वारा चलाए जा रहे सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत गांव बापोड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना था। शिविर मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक की अध्यक्षता में लगाया, जिसमें अनेक ग्रामीणों ने अपनी स्वास्थ्य जांच करवाई और इसका लाभ उठाया। शिविर में विभिन्न रोगों से ग्रसित लोगों की जांच की गई। जांच के दौरान चिकित्सकों ने पाया कि अधिकांश मरीज उच्च रक्तचाप (ब्लड प्रेशर) से पीड़ित थे। इस गंभीर समस्या को देखते हुए डॉक्टरों ने मरीजों को उचित दवाइयां दी और उन्हें नियमित जांच की सलाह दी। मंडल अध्यक्ष जगत कौशिक ने कहा कि समय-समय पर ऐसे स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जाता रहेगा, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोग भी बेहतर स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि भाजपा समाजसेवा के कार्यों को अपनी प्राथमिकता में रखती है और भविष्य में भी ऐसे जन-कल्याणकारी कार्यों को जारी रखा जाएगा। मेडिकल टीम में मौजूद चिकित्सकों ने मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक परामर्श दिया। इस अवसर पर पूर्व मंडल अध्यक्ष मुनिपाल, डॉ. सतपाल, इमरान बापोड़ा, लखन व प्रदीप बापोड़ा आदि उपस्थित रहे।



**भिवानी।** बापोड़ा में स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच करते स्वास्थ्यकर्मी।

## प्रतियोगिता में 15 विद्यालयों की टीमों ने लिया भाग

# 'भारत को जानो' में हलवासिया स्कूल का दबदबा

बच्चों में संस्कारों के निर्माण के लिए बहुत महत्वपूर्ण है प्रतियोगिताएं: भवानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिवानी

भारत विकास परिषद की शहीद मदनलाल ढींगड़ा शाखा द्वारा भारत को जानो प्रतियोगिता में हलवासिया विद्या विहार ने कनिष्ठ और वरिष्ठ दोनों वर्गो में पहला स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता हलवासिया के माधव सभागार में हुई, जिसमें भिवानी के 15 प्रतिष्ठित विद्यालयों की टीमों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता परिषद हरियाणा पश्चिम प्रांत के प्रांतीय महासचिव दीपक शर्मा ने की। इस अवसर पर मुख्यतिथि नगर परिषद के चेयरपर्सन प्रतिनिधि भवानी प्रताप सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित सीबीएलयू की रजिस्ट्रार डॉ. भावना शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों में संस्कारों के निर्माण के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं। शाखा अध्यक्ष कमल नयन वशिष्ठ ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत और धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गतिविधि संयोजक (संस्कार) जगदीशचंद्र शर्मा की विशेष भूमिका रही। मंच संचालन सूरजप्रकाश जोशी और डॉ. संजय मुद्गल ने बहुत ही खूबसूरती से किया, जबकि क्विज मास्टर साहिल चिलाना ने प्रतियोगिता का संचालन बेहद रोचक तरीके से किया।




**भिवानी।** अतिथियों के साथ विजेता विद्यार्थी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर प्राचार्य बिमलेश आर्य, सुरेश कुमार शर्मा (गतिविधि संयोजक सेवा), तिलकराज अरोड़ा (शाखा सचिव), प्रिंस मेहता (शाखा कोषाध्यक्ष), नरेश बसंल (जिला सह-संयोजक), हंसराज गुलाटी (गतिविधि संयोजक), इंदु गुप्ता, वरुण शर्मा, विजयपाल सिंह, राजबीर कौशिक, मुकेश रहेजा, एडवोकेट ललित आदि मौजूद रहे।

## न्यूज डायरी

### शिव ही सच्चे अर्थों में शक्ति प्रदान करतेः ज्योति

**भिवानी।** सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी ज्योति बहन ने नवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य स्पष्ट करते हुए कहा कि नवरात्रि केवल देवी पूजन पर्व नहीं, बल्कि आत्मा के भीतर स्थित दिव्य शक्तियों को जागृत करने का प्रतीक है, ये नौ दिन हमें यह स्मरण करवाते हैं कि आत्मा जब परमात्मा से जुड़ती है तो उसमें शक्ति, शांति और सुख के स्वरूप प्रकट होते हैं। ब्रह्माकुमारी नीलम बहन ने कहा कि आज का युग चुनौतियों से भरा हुआ है। नवरात्रि हमें ये शिक्षा देती है कि नकारात्मकता व बुराइयों पर विजय पाने के लिए आत्मशक्ति व ईश्वरीय शक्ति का अनुभव अनिवार्य है।

### वार्षिक उत्सव कार्यक्रम एक से होंगे शुरू

**बहल।** बीआरसीएम शिक्षण संस्थान की विभिन्न संस्थाओं का वार्षिक उत्सव व धार्मिक उत्सव 1 अक्टूबर से 7 अक्टूबर तक आयोजित किए जाएंगे। शिक्षण संस्थाओं के वार्षिकोत्सव में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा व संस्थान की वार्षिक रिपोर्ट पेश की जाएगी। इन कार्यक्रमों में संस्थान चेयरमैन हरिकृष्ण चौधरी सहित अन्य अतिथि मौजूद रहेंगे। सोमवार को बीआरसीएम निदेशक डॉ. एसके सिन्हा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरूआत 1 अक्टूबर से होगी।

### सीटीएम ने सुनी नागरिकों की समस्याएं

**भिवानी।** नगराधीश अनिल कुमार ने सोमवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में आयोजित समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे इन शिकायतों को शीघ्र निपटाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शिकायतकर्ताओं की समस्या को गंभीरता से ले और समस्या का त्वरित समाधान करें।

### दादा कुशाल सिंह दहिया कक्ष का नामकरण

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के श्री लाल बहादुर शास्त्री वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में वीरता और बलिदान के प्रतीक दादा कुशाल सिंह दहिया की स्मृति में एक कक्ष का नामकरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंदर सिंह बड़खालसा, विधायक बवानी खेड़ा कपूर सिंह बाल्मीकि तथा चेयरमैन बवानी खेड़ा सुंदर अत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीरेंदर सिंह बड़खालसा ने कहा कि "दादा कुशाल सिंह दहिया ने गुरु तेग बहादुर जी के शीश की रक्षा के लिए अपना शीश समर्पित कर दिया। उन्होंने सबको बताया कि गुरु तेग बहादुर कों हिन्द की चादर कहा जाता हैं, उनके सम्मान को बचाना हिन्द का सम्मान बचाना है। इसके अलावा कोई चारा नहीं है।

### उपायुक्त ने लघु सचिवालय में किया पौधरोपण

**चरखी दादरी।** लघु सचिवालय के पार्क में सेवा एवं स्वच्छता अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल, एसडीएम योगेश सैनी, नप के चेयरमैन बक्शीराम सैनी, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील इंजीनियर, सीटीएम प्रीति रावत व डीआरओ रविन्द्र भारिया सहित राजस्व विभाग व नगर परिषद के कर्मचारियों ने भाग लिया और पौधरोपण किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने नागरिकों से आह्वान किया कि वे केवल पौधा लगाने तक ही सीमित न रहें, बल्कि उसकी देखभाल उसी प्रकार करें जैसे अपनी संतान की करते हैं।

### पराली जलाने की घटनाएं नहीं होनी चाहिएः डीसी

**भिवानी।** डीसी साहिल गुप्ता ने कृषि विभाग और पंचायत विभाग और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे पूरी निगरानी करें ताकि जिले में पराली जलाने की कोई घटना ना हो। कृषि विभाग द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन के लिए कृषि उपकरणों पर विभाग द्वारा 50 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है। किसानों को इन योजनाओं बारे ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए। डीसी गुप्ता लघु सचिवालय परिसर स्थित वीसी रूम में पराली जलाने पर प्रतिबंध को लेकर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कि प्रशासन द्वारा गठित टीमों के अधिकारी नियमित रूप से गश्त करें और किसानों को पराली प्रबंधन के बारे में जागरूक करें।

### युवा समिति ने चलाया पौधरोपण अभियान

**भिवानी।** श्रीशीतला माता चौगानन युवा सेवा समिति द्वारा संत कबीर नगर बावड़ी गेट स्थित शीतला माता मंदिर में नवरात्र पर्व पर समिति संरक्षक अनिल डाबला प्रधान की अध्यक्षता में पौधरोपण अभियान चलाया। पौधरोपण करते हुए समिति के प्रधान राजू पचेरवाल ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि पर्यावरण प्रदूषण निरंतर बढ़ता जा रहा है, इसके केवल पौधों के सहारे ही कम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि युवावर्ग पौधरोपण अभियान में आगे आए तथा अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाएं तथा उनकी देखरेख करें।

### पर्यावरण के लिए खतरा है प्लास्टिकः प्रो. सिंह

**दादरी।** राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में सेवा पखवाड़ा के तहत "एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन और जूट/कपड़े जैसे पर्यावरण हितैषी विकल्पों को बढ़ावा देने" पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सूबे सिंह के दिशानिर्देश अनुसार प्रो. आनंद कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता प्रो. तस्वीर सिंह ने छात्राओं को बताया कि एकल उपयोग प्लास्टिक पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने जूट, कपड़े और अन्य स्थायी विकल्प अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

## खबर संक्षेप

### मुक्केबाज लक्ष्मी का बीएसएफ में चयन



**भिवानी।** अजीत बॉक्सिंग क्लब की अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाज यूथ एशियन गोल्ड मेडलिस्ट लक्ष्मी का खेल कोटे से बीएसएफ में चयन हुआ है। कोच नवीन बल्हारा ने बताया कि मुक्केबाज लक्ष्मी का बीएसएफ में चयन होने पर खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है।

### विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन ने किया दौरा

**भिवानी।** हरियाणा राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के चेयरमैन एवं जिला सत्र न्यायाधीश डीआर चालिया के निर्देशानुसार 'बाढ़ प्रतिक्रिया और राहत अभियान–2025' के अंतर्गत जिला स्तर पर संवेदनशील क्षेत्रों में निरीक्षण एवं राहत गतिविधियों को सक्रिय किया जा रहा है। इसी कड़ी में सीजेएम सह सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पवन कुमार के नेतृत्व में गठित कोर कमेटी ने भिवानी जिले के बाढ़ प्रभावित गांव कलिंगा का दौरा किया।

### अनुबंधित कर्मचारियों की बैठक आयोजित

**भिवानी।** भारतीय मजदूर संघ से संबद्ध अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक तोशाम के हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई। यह बैठक संघ के तोशाम सब-डिवीजन के अध्यक्ष सुरेश राठौड़ की अध्यक्षता में हुई, जिसका मुख्य उद्देश्य अनुबंधित कर्मचारियों को जॉब सिक्योरिटी एक्ट के बारे में जानकारी देना और उनके वेतन से संबंधित मुद्दों पर चर्चा करना था।

### पोस्टर मेकिंग में छात्रा मुस्कान ने मारी बाजी

**तोशाम।** सोमवार को बनवारी लाल जिंदल सुईवाला महाविद्यालय में राजनीति विज्ञान विभाग के तत्वाधान में विभागाध्यक्ष डॉ. नीलम के द्वारा /"प्रजातंत्र का मेरुदण्ड : मतदान विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. उमेद सिंह, डॉ. महेंद्र सिंह तथा प्रो. श्यामवीर ने अभिनीत की।

---

भिवानी पहुंचे मुख्यमंत्री के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा

# सरकार पूरे प्रदेश में महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने के अभियान के साथ पार्टी की नीतियां भी लोगों को बता रही: ओएसडी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

जिला भाजपा कार्यालय में सोमवार को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ओएसडी वीरेंद्र बड़खालसा ने कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक को संबोधित किया। इस बैठक की अध्यक्षता भाजपा के जिलाध्यक्ष वीरेंद्र कौशिक ने की। मुख्यमंत्री के ओएसडी विरेंद्र सिंह बड़खालसा ने महापुरुषों के विचार प्रसार योजना पर विशेष रूप से चर्चा की तथा कहा कि भाजपा सरकार द्वारा पूरे हरियाणा में महापुरुषों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में सिख धर्म के नौवें गुरु गुरु तेग बहादुर का बलिदान दिवस 15 नवंबर को सोनीपत में मनाया जाएगा। गुरु तेग बहादुर ने जनेऊ और धर्म की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। इस अवसर पर उनके बलिदान को याद किया जाएगा। कार्यक्रम में कई अन्य बलिदानियों को भी श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिनमें खुशहाल सिंह दहिया का नाम भी शामिल है। खुशहाल सिंह दहिया ने गुरु तेग बहादुर के शीश की रक्षा के लिए औरंगजेब की सेना को भ्रमित करने के लिए अपना शीश अर्पित कर दिया था।

**खास बातें**

- बैठक में सरकार द्वारा किए गए न्यायपूर्ण सुधारों पर की चर्चा
- घर बैठे-बैठे रजिस्ट्री कराने के लिए एक पोर्टल शुरू किया जाएगा

### जीवन को आसान बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग कर रही सरकार

**किसानों के लिए एक विशेष पोर्टल बनाया**

वीरेंद्र बड़खालसा ने कहा कि सरकार आम जनता के जीवन को आसान बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का भरपूर उपयोग कर रही है। उन्होंने कई नई डिजिटल पहलों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए एक विशेष पोर्टल बनाया गया है, जिससे उन्हें सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ आसानी से मिल सके। उन्होंने कहा कि घर बैठे-बैठे रजिस्ट्री कराने के लिए एक पोर्टल शुरू किया जाएगा, इस पहल का उद्देश्य भ्रष्टाचार और घूसखोरी को जड़ से खत्म करना है। बैठक में सरकार द्वारा किए गए न्यायपूर्ण सुधारों से नक्सलवाद में हुए सुधारों पर भी चर्चा की गई। बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष विरेंद्र कौशिक ने कहा कि भाजपा का केवल जनहित में मजबूती से कार्य करना नहीं, बल्कि महापुरूषों की शिक्षाओं व जीवन आदर्श से प्रत्येक जन को अवगत करवाना भी है, ताकि एक सभ्य व संस्कारवान समाज की स्थापना की जा सकें।



**भिवानी।** भिवानी पहुंचने पर सीएम के ओएसडी का स्वागत करते भाजपा पदाधिकारी।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप श्योराण, ठाकुर विक्रम सिंह, जिला महामंत्री रमेश पंवेरवाल व रेखा यादव, जिला उपाध्यक्ष विशाल जीत, प्रदीप प्रजापति, राजेश जांगड़ा, केके ग्रोवर, सोनिया अत्री, सुनील डावर, रविंद्र बापोड़ा, लोकेश बंटी, अमित मेहता, पिंकी नागर, जिला मीडिया प्रभारी राकेश मिश्रा, एमिनेंट पर्सन अनिल सोलंकी, परमजीत, अंकित पालवास, टोनी राठौर, महेंद्र चौहान, परमजीत महू सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## पंचायत भवन के कार्यक्रम में विधायक घनश्याम सर्राफ रहे मुख्य अतिथि

# राजस्व विभाग की ऑनलाइन प्रणाली से लोगों को होगा लाभ

*डीसी ने अफसरों और कर्मचारियों को नई तकनीक को सीखने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

**रोवर मशीन से होगी भूमि की निशानदेही**

विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि राजस्व विभाग की नई पेपर रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट, राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली का नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। लोगों को जमीन की रजिस्ट्री करवाने के लिए तहसीलों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, इससे उनके समय भी की बचत होगी। विधायक श्री सर्राफ सोमवार को पंचायत भवन में राजस्व विभाग द्वारा इन नई ऑनलाइन प्रणाली के शुभारंभ अवसर पर आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इस दौरान डीसी साहिल गुप्ता और एडीसी दीपक बाबू लाल करवा भी मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान जिला कुरुक्षेत्र में आयोजित कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया गया, जहां से मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग की चार नई प्रणाली का शुभारंभ किया और अपना संदेश दिया। विधायक सर्राफ ने कहा कि सरकार नागरिकों को सरकारी योजनाओं का पारदर्शी ढंग से लाभ पहुंचाने के लिए नई-नई ऑनलाइन प्रक्रिया शुरु कर रही है



**भिवानी।** नई व्यवस्था का शुभारंभ करवाते विधायक घनश्याम सर्राफ।



**तोशाम।** रोवर मशीन के बारे में जानकारी देते हुए। *फोटो: हरिभूमि*

### लोगों को दें नई प्रणाली की जानकारी

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डीसी साहिल गुप्ता ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों को सरकार व विभाग द्वारा समय-समय पर शुरु की जाने वाली नई-नई ऑनलाइन तकनीकी सिस्टम का ज्ञान होना चाहिए। जानकारी होने पर सही ढंग से कार्य किया जा सकता है। उन्होंने राजस्व विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वे नागरिकों को नई आनलाईन प्रणाली की जानकारी दें ताकि लोग घर बैठे अपना कार्य करवा सकें। उन्होंने कहा कि नागरिकों को अपने कार्य के लिए अनावश्यक रूप से चक्कर ना लगाने पड़ें। सरकार के निर्देशानुसार लोगों को पारदर्शी ढंग से सुविधाएं प्रदान करें।

***पंचायत भवन परिसर की करवाई निशानदेही:*** *कार्यक्रम के दौरान पेपर रहित निशानदेही के लिए मशीन उपलब्ध रहीं। इसी बीच डीसी श्री गुप्ता ने निशानदेही मशीन के संचालक को पंचायत भवन परिसर निशानदेही करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक की मौजूदगी में निशानदेही करके दिखाई।*

### कागज रहित भूमि रजिस्ट्री प्रणाली पारदर्शिता की दिशा में बड़ा कदम : एसडीएम

**तोशाम।** एसडीएम रवि मीणा (आईएएस) ने कहा है कि कागज रहित रजिस्ट्री प्रणाली, पेपर रहित निशानदेही, वाट्सअप चैटबॉट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली सेवा शुरू किए जाने का प्रदेश सरकार का एक एतिहासिक कदम है। इस डिजिटल पहल का मकसद जमीन-जायदाद की रजिस्ट्री और राजस्व से जुड़ी सभी सेवाओं को पूरी तरह कागज रहित और पारदर्शी बनाना है। जिससे आमजन को बड़ा फायदा मिलेगा। एसडीएम सोमवार को उपमंडल कार्यालय परिसर में स्थित सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस अवसर पर सिंचाई एवं जल संसाधन और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी की ओर से एडवोकेट हरिसिंह सांगवान और पंचायत समिति के वाइस चेयरमैन सुनील भारीवास उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का भाषण लाइव सुना गया। नायब तहसीलदार विकास ने सभी का स्वागत किया।

---

**मार्केट न्यूज**

### कदम अस्पताल के चिकित्सक ने जीवन-जिंदगी के बीच झूल रहे अधेड़ की बचाई जान



**भिवानी।** कहते है चिकित्सक भी भगवान से कम नहीं होते। ऐसा ही वाक्या गांव तिगड़ाना के जीवन –जिदंगी के बीच झूल रहे अधेड़ के साथ हुआ। हुआ यूं कि गांव तिगड़ाना निवासी मनोज कुमार को हार्ट का दौरा पड़ गया। परिजन उसको सीपीआर देते देते सामान्य अस्पताल भिवानी ले गए,लेकिन उसकी हालत ज्यादा खराब होने की वजह से चिकित्सकों ने रोहतक रेफर कर दिया,लेकिन परिजन मनोज कुमार को सीपीआर देते-देते मिनी बाईपास स्थित कदम अस्पताल में ले गए। वहां पर जाते ही वरिष्ठ हदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तेजवीर ग्रेवाल ने भी सीपीआर देनी आरंभ कर दी। इस दौरान उन्होंने मरीज को बचाने के दूसरे प्रयास व इलाज भी आरंभ कर दिया। करीब दस मिनट के बाद एनजीओ ग्राफी करते हुए हदय की मुख्य नस में स्टंट डालकर रक्त प्रवाह को सामान्य करके मरीज की जान बचाई। बाद में मरीज के परिजनों ने वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. तेजवीर ग्रेवाल व कदम अस्पताल के अन्य चिकित्सकों व प्रबंधकों का आभार जताया। वरिष्ठ हदय रोग विशेषज्ञ डॉ. तेजवीर ग्रेवाल ने बताया कि जब मौसम में बदलाव हुआ है। उससे हदय रोग के मरीजों की संख्या बढ रही है। उन्होंने आमजन से अपिल करते हुए कहा कि अगर किसी को छाती में दर्द होता है तो वे इस दर्द को गैस का दर्द न मानकर विशेषज्ञ की सलाह जरूर ले।

### राजस्व विभाग की नई व्यवस्था का किया स्वागत

**बहल।** प्रदेश सरकार द्वारा लागू की गई पेपरलेस रजिस्ट्री, निशानदेही, वॉट्सएप चैटबोट और राजस्व निगरानी प्रणाली लागू किए जाने का भाजपा मंडल कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया है। कार्यकर्ताओं ने कहा कि इससे राजस्व कामों में सरलता आएगी और आमजन को फायदा होगा। बहल मंडल भाजपा उपाध्यक्ष हनुमान शर्मा पाजू, सतबीर चैहड़, पवन शर्मा सूरपुरा, सज्जन बिधनोई, अजय बिधनोई ने कहा कि प्रदेश सरकार आमजन की सरकारी सुविधाओं का तत्पर, सुगम और समुचित लाभ देने के लिए प्रयासरत है। सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को पारदर्शी ढंग से योजनाओं का लाभ देना है। इसी के चलते राजस्व विभाग ने चार नई ऑनलाइन प्रणाली शुरु की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेपरलेस रजिस्ट्री, पेपरलेस निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय की ऑनलाइन निगरानी योजना राजस्व कार्यों की पारदर्शिता में सराहनीय कदम है। इससे रजिस्ट्री के कार्य पासपोर्ट की तर्ज पर होंगे। इसी प्रकार से जमीन की निशानदेही भी ऑनलाईन रोवर के जरिए की जाएगी।

---

## बीके. विद्यालय के छात्र अंकित ने खेल के क्षेत्र में लहराया परचम

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के बी.के. वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का वातावरण जोश एवं हर्षोल्लास से भरा दिखाई दिया। विद्यालय में कक्षा दसवीं के छात्र अंकित श्रेणी19 आयु वर्ग, पुत्र पृथ्वी सिंह, गांव सूई, ने भिवानी के भीम स्टेडियम में आयोजित (26, 27 सितंबर 2025) राज्य स्तरीय स्कूल टूर्नामेंट में त्रिकूद में द्वितीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली खेल स्पर्धा में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। छात्र की इस उपलब्धि से न केवल माता-पिता और गांव का नाम रोशन हुआ अपितु विद्यालय के लिए भी है अत्यंत गौरव का विषय है। इस गौरवान्वित क्षण पर विद्यालय प्राचार्य पंकज कुमार मिश्रा एवं विद्यालय प्रबंधन कमेटी के सचिव योगेश शर्मा उपाध्यक्ष जोगेंद्र जांगड़ा सुरेश जांगड़ा ने छात्र के विद्यालय पहुंचने पर उसको हार्दिक बधाई देते हुए आगामी खेल स्पर्धा के लिए उसे शुभाशीष दी। इस अवसर पर खेल प्रशिक्षक नागेंद्र, वरिष्ठ विभाग प्रमुख योगेंद्र सिंह,कनिष्ठ विभाग संचालिका मंजू मलिक, पार्वती, चंद्रा, विद्यालय अनुशासन प्रबंधक मनीष कुमार सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

हरिभूमि
**आवश्यक सूचना**
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005, 8295157800

**मृत्यु अंत नहीं है**
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
**तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश**
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

### लोहारू में भी पेपरलेस रजिस्ट्री का शुभारंभ

- पैमाइश तथा व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली की हुई शुरुआत

**लोहारू।** एसडीएम मनोज दलाल ने कहा कि पेपरलेस रजिस्ट्री, पैमाइश तथा व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली की शुरुआत से राजस्व कार्यों में पारदर्शिता एवं तत्परता आएगी। धन और समय की बचत होगी। एसडीएम मनोज दलाल सोमवार को स्थानीय बीडीपीओ कार्यालय में पेपरलेस रजिस्ट्रेशन प्रणाली तथा पेपरलेस निशानदेही प्रणाली आदि योजनाओं की लॉन्चिंग की। बता दें कि प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से पूरे प्रदेश के लिए पेपरलेस रजिस्ट्री, पैमाइश और व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली योजनाएं की शुरुआत की है।

### नई ऑनलाइन पेपरलेस प्रणाली से पासपोर्ट की तर्ज पर बनेगी जमीन की रजिस्ट्री: वाल्मीकि



**बवानीखेड़ा।** विधायक कपूर वाल्मीकि ने कहा कि प्रदेश सरकार सबका साथ-सबका विकास, सबका प्रयास और सबका विश्वास की नीति पर विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन कर रही है। सेवा पखवाड़ा के तहत नई-नई योजनाओं का परियोजनाओं का क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार का मुख्य उद्देश्य लोगों को पारदर्शी ढंग से योजनाओं का लाभ देना है। इसी के चलते राजस्व विभाग ने चार नई ऑनलाइन प्रणाली शुरु की हैं। विधायक श्री वाल्मीकि सोमवार को बवानीखेड़ा तहसील में पेपरलेस रजिस्ट्री कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा पेपरलेस रजिस्ट्री, पेपरलेस निशानदेही, व्हाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय की ऑनलाइन निगरानी शुरु की गई है, जो कि राजस्व कार्यों की पारदर्शिता में एक ऐतिहासिक कदम है।

# अब पेपरलेस होगा रजिस्ट्री का कार्य

- मुख्यमंत्री ने वीसी से किया चार नई योजनाओं का शुभारंभ
- केवल फोटो और बायोमैट्रिक के लिए आना होगा दफ्तर : डीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

प्रदेश के लोगों के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कई अहम शुरूआत की है। पेपरलेस रजिस्ट्री प्रणाली, निशानदेही पोर्टल, वाट्सएप चैटबोट और राजस्व न्यायालय निगरानी प्रणाली जैसी शुरूआत होने ने एक नए युग का आगाज होगा, इससे न केवल लोगों का समय बचेगा बल्कि प्रशासनिक कार्य में पारदर्शिता भी आएगी। मुख्यमंत्री ने इन योजनाओं की वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से शुरूआत कर दी है। जिले की ओर से उपायुक्त डॉ. मुनीश नागपाल, एसडीएम योगेश सैनी आदि रहे।



**भिवानी।** वीडियो कांफ्रेंस में उपस्थित उपायुक्त व अन्य अधिकारी। *फोटो: हरिभूमि*

**डीसी ने दी जानकारी**

ऑनलाइन कार्यक्रम के उपरांत उपस्थित राजस्व विभाग के कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि कर्मचारी ही राजस्व विभाग की सबसे अहम कड़ी है, इसलिए नई प्रणाली की पूरी जानकारी उन्हें होना जरूरी हैं। सरकार की मंशा के अनुसार कार्य करते हुए सभी कर्मचारियों को प्रणाली को आगे बढ़ाना है। हरियाणा प्रदेश में पेपरलेस रजिस्ट्री के शुभारंभ से न केवल लोगों समय बचेगा बल्कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाते हुए पार्दशित भी सुनिश्चित होगी। इससे नागरिक अब घर बैठकर ही रजिस्ट्रेशन करवा सकेंगे, उन्हें रजिस्ट्री के लिए ऑनलाइन आवेदन करना होगा और इसके बाद विभिन्न स्तरों पर ऑनलाइन ही उसके दस्तावेजों की जांच होगी। नागरिक को एक समय दिया जाएगा और उसे केवल एक बार फोटो के लिए आना होगा। जमीनी विवादों को सुलझाने के लिए पेपर रहित निशानदेही पोर्टल भी कारगर साबित होगा। राजस्व विभाग से संबंधित जानकारी और सेवाओं के लिए शुरू किया व्हाट्सएप चैटबोट भी लोगों को काफी सुविधा देने वाला है। इसके माध्यम से कोई भी व्यक्ति राजस्व संबंधी जानकारी लेने के साथ साथ अपनी भूमि के रिकार्ड की सूचना भी ले सकेगा।

---

### पर्यावरण के लिए खतरा है एकल उपयोग प्लास्टिक

**बाढड़ा।** कस्बे के राजकीय महिला महाविद्यालय बाढड़ा में सेवा पखवाड़ा के तहत एकल उपयोग प्लास्टिक उन्मूलन और जूट/कपड़े जैसे पर्यावरण हितैषी विकल्पों को बढ़ावा देने पर एक विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य सूबे सिंह के दिशानिर्देश अनुसार प्रोफेसर आनंद कुमार के नेतृत्व में संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता तस्वीर सिंह ने छात्राओं को बताया कि एकल उपयोग प्लास्टिक पर्यावरण और स्वास्थ्य दोनों के लिए गंभीर खतरा है। उन्होंने जूट, कपड़े और अन्य स्थायी विकल्प अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया और छात्राओं से आग्रह किया कि वे अपने परिवार और समाज में भी इस संदेश को फैलाएं। प्राचार्य सने कहा, स्वच्छ और सुरक्षित पर्यावरण बनाए रखने के लिए प्लास्टिक का त्याग जरूरी।

**आक्रोश** हजारों छात्रों की मेहनत एवं उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त: प्रधान

छात्रों का भविष्य बचाने के लिए सड़क से सदन तक लड़ाई लड़ेंगे

# सीबीएलयू में परिणाम में गड़बड़ी और बढ़े शु:ल्क के खिलाफ किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

चौधरी बंसीलाल विश्वविद्यालय द्वारा हाल ही में जारी किए यूजी मेन एवं अपीयर परिणामों में बड़े पैमाने में गड़बड़ी के खिलाफ एनएसएयूआई ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया है। छात्रों को 00, 1, 2 अंक या एमडब्ल्यू दिखाकर फेल किया गया है, जबकि अन्य विषयों में उन्होंने अच्छे अंक प्राप्त किए थे। इस परिणाम गड़बड़ी के साथ ही विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा शुल्क में की गई बढ़ोतरी ने छात्रों, खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों की परेशानियों को और बढ़ा दिया है। एनएसयूआई के जिलाध्यक्ष मंजीत लांगायन ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर छात्रों की समस्याओं को नजरअंदाज करने और उन्हें राजनीतिक कार्यक्रमों में शामिल करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि हजारों छात्रों की मेहनत और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ब एनएसयूआई छात्रों की आवाज उठाती है, तो प्रशासन पुलिस बुलाकर हमें दबाने की कोशिश करता है। प्रदर्शन के दौरान एनएसयूआई की सुमन ने कहा कि छात्रों का भविष्य बचाने के लिए एनएसयूआई सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी।



**भिवानी।** सीबीएलयू में प्रदर्शन करते एनएसयूआई के सदस्यों को समझाते अधिकारी।

**सभी घोषित परिणामों की समीक्षा की मांग**

एनएसयूआई ने सभी घोषित परिणामों की तुरंत समीक्षा करने, सही परिणाम विवि की वेबसाइट पर अपलोड करने, उन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, जिनकी लापरवाही के कारण ये गड़बड़ी हुई है, परीक्षा शुल्क में की गई बढ़ोतरी को तुरंत वापस लिया जाए, विवि की वेबसाइट पर पारदर्शी स्टूडेंट पोर्टल स्थापित की जाए, जहां परीक्षा परिणाम और शुल्क संबंधी सभी जानकारी छात्रों को आसानी से उपलब्ध हो सके। एनएसयूआई ने चेतावनी दी कि विवि प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई नहीं की और उनकी मांगें नहीं मानीं, तो वे बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।